संक्षिप्त

जन्मदिन पर भण्डारे का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। स्वयंसेवी संस्था आओ साथ चलें द्वारा कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में आयोजित किये जा रहे प्रसाद्म अभियान में रविवार को अजय रेवाडी ने अपने बेटे प्रथम के जन्मदिवस पर भण्डारे का आयोजन किया। इस दौरान केक काटकर घुमंतू जाति के बच्चों को वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल की पहल पर विगत 5 जुलाई 2019 से उक्त अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय संयोजक आनंद मित्तल ने बताया कि अभियान में लोग जन्मदिवस, पुण्यतिथि, वर्षगांठ सहित अन्य उल्लेखनीय दिवसों पर स्वयं की ओर से भण्डारे का आयोजन कर रहे हैं। उक्त अभियान को क्षेत्रवासियों की काफी सराहना मिल रही है। साथ ही बडी संख्या में लोग भी इससे जुड रहे हैं। इस मौके पर अजय रेवाडी, हीदुवंश, आशु शर्मा, नीरज कुमार, सतीश योगी समेत अन्य मौजूद रहे।

रामकथा का हुआ समापन

मालपुरा, (निसं)। भारत विकास परिषद व रामकथा आयोजन समिति की और से महेश सेवा सदन मे आयोजित भव्य रामकथा का रविवार को समापन हुआ। व्यासपीठ से संत शम्भू शरण लाठा ने मधुर वाणी के संगीतमय रामकथा का रामभक्तो को रसापान करवाया। पूर्व पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन,सुनिल परतानी, रामदास, बालमुकन्द बाहेती, रामधन चौधरी, कैलाश शर्मा,ओमप्रकाश जैन, त्रिलोक चन्द विजय, पार्वती रूपचन्द कुमावत आदि के परिवारजनों ने प्रतिदिन रामकथा पूजन का पूण्य प्राप्त किया। आयोजन समिति के दिनेश विजय प्रवक्ता, रामजीलाल शर्मा सहित परिषद व समिति पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। रविवार को कथा के अन्तिम दिन व्यासपीठ से कथा का सार सुनाते हुये राम नाम गुणगान के साथ कथा का समापन हुआ। गौसेवार्थ आयोजित रामकथा मे सहयोग करने वाले भामाशाहओं का आयोजन समिति की और से सम्मान किया गया।

विधायक ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

मनोहरपुर, (निसं)। सडक निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की सूचना पर विधायक मनीष यादव ने ग्रामीणों के साथ सडक का अवलोकन किया। विधायक मनीष यादव ने कहां कि सडक निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है तथा कंक्रीट के स्थान पर मिट्टी के गार का उपयोग किया जा रहा है। इसकों लेकर उपमुख्यमंत्री व प्रबंधक निदेशक आरएसआरडीसी जयपुर को पत्र लिखा है। ग्रामीणों की शिकायत पर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने शनिवार को ग्रामीणों के साथ सडक का अवलोकन किया। विधायक ने मौके पर ही दूरभाष के जरिये अधिकारियों को सडक निर्माण की जांच करने हेतु निर्देषित किया।

सूने मकान से नगदी व जेवर पार

मालपुरा, (निसं)। शहर के टोडारोड सैय्यद क्लब मैदान के सामने चोरो ने रैंकी कर सूने मकान के ताले तोड नगदी व आभूषण चुरा ले गये। पीडित मकान मालिक शेख रफीक ने बताया कि वो अपने परिवार के साथ 15 दिनो से कलकत्ता गया हुआ था। रविवार की सवेरे लौटा तो मकान के ताले टूटे मिले। तो सामान व कपडे बिखरे मिले। चोरी की मिली जानकारी के साथ ही तत्काल पिडित ने थाना पुलिस को सुचना दी। सुचना पर पहुंची पुलिस टीम ने चोरी की वारदात वाले मकान,कमरो व आसपास बारीकी से पडताल कर मौका पर्चा तैयार करते हुये मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू की। पिडित मकान मालिक के अनुसार अलमारी में रखे 70 हजार रूपये की नगदी व आभूषण चोर चुरा ले गये।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक

मालपुरा, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी जयकांत पत्रीरिया व जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द कुर्मी की अध्यक्षता में सरस्वती विद्या मंदिर यशके बालाजी परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सीताराम साहु एडीओं, संगठन मंत्री मोहर सिंह गुर्जर का भी मार्गदर्शन मिला। बैठक में टोंक जिले की सभी उपशाखाओं में निर्वाचन की तिथियां निर्धारित की गई। आगामी 28 व 29 सितम्बर को सिरोही में आयोजित चिंतन शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। संगठन एप पर शिक्षकों के रजिस्ट्रेशन करने, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधी फोल्डर की समीक्षा की गई।

थाना प्रभारी की कार की टक्कर से बाइक सवार दम्पति घायल

देवली/टोंक, (निसं)। देवली उपखंड के नासिरदा उप तहसील में थाना प्रभारी की कार की टक्कर से दंपति घायल हो जाने से ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और मामला गंभीर होता चला गया। ऐसे में ग्रामीणों की मांग पर थाना प्रभारी के विरुद्ध मामला दर्ज होने के साथ ही पुलिस को थोडी राहत मिली लेकिन ग्रामीण थाना प्रभारी के निलंबन की मांग करते रहे। इसको लेकर नासिरदा उपतहसील पुलिस छावनी में तब्दील हो गई।

जानकारी अनुसार शनिवार की बीती रात को 10 बजे करीब नासिरदा पुलिस थाने के नवनियुक्त थाना प्रभारी अरविंद लक्षकार की कार से एक बाइक सवार दंपति को टक्कर लग गई। इस दुर्घटना पर पीडित दंपति ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी अरविंद लक्षकार नशे में धुत होकर कार चला रहे थे। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर पीडित दंपति की बाइक से जाकर भिडी। जिससे बाइक चालक रामप्रसाद धाकड के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। इस दौरान ग्रामीणों की मदद से घायल रामप्रसाद धाकड को देवली के निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया दिया गया। वही रामप्रसाद की पत्नी काली देवी की ओर से इस मामले में थाना प्रभारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पीडित की पत्नी ने रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि शराब के नशे में चूर थाना प्रभारी ने गलत साइड में कार चलाकर बाइक को टक्कर मारी और दंपति से दुर्व्यवहार किया। इस घटना की सूचना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ऐसे में रविवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस थाने के बाहर जाम लगा दिया।

पुलिस उपाधीक्षक समेत कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी प्रदर्शनस्थल पर मौजूद रहे।

वही थाना प्रभारी को तुरंत निलंबित किए जाने की मांग पर अड गए। घटना की सूचना पर पुलिस उप अधीक्षक रामसिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीडित पक्ष की रिपोर्ट पर नासिरदा थाना प्रभारी के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने के निर्देश दिए लेकिन इसके बावजूद ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन नहीं थमा। ग्रामीणों ने मांग रखी की कि जब तक थाना प्रभारी को निलंबित नहीं किया जाता। तब तक वह विरोध प्रदर्शन बंद नहीं करेंगे। इस दौरान दोपहर बाद ग्रामीण पुलिस थाने के सामने टेंट लगाकर बैठ गए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस मामले में बढता आक्रोश देखकर पुलिस उपाधीक्षक राम सिंह जाट ने आला अधिकारियों को उक्त मामले की जानकारी दी। इस पर देवली,

■ आक्रोशित ग्रामीण थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे

दूनी, घाड, नासिरदा, टोंक, मालपुरा, झिराना समेत 7 थानों की पुलिस को जाप्ता सहित तैनात करवा दिया गया। इसके अलावा पुलिस उपाधीक्षक समेत कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कानून व्यवस्था के साथ प्रदर्शनस्थल पर मौजूद रहे है। इस दौरान पुलिस की ओर से ग्रामीणों के साथ लगातार बातचीत व समझाइश की जाती रही लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस की एक नहीं सुनी। इसी बीच ग्रामीणों ने पथराव कर पुलिस उपाधीक्षक के वाहन का शीशा तोड दिया। इस मामले में जानकारी यह भी सामने आई की रविवार सुबह कई दर्जन ग्रामीण थाना परिसर में घुसने लगे। इस बीच पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच विवाद बढता चला गया लेकिन रविवार की शाम को अजमेर रेंज पुलिस कमिश्नर के निर्देश पुलिस उपाधीक्षक ने नासिरदा पुलिस थाना प्रभारी के विरुद्ध मामला दर्ज कर व कार जप्त कर ली। इसके बाद मामला शांत हुआ पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

विशिष्ट शिक्षक अलंकरण समारोह 5 को

श्रीमाधोपुर, (निसं)। आगामी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ के तत्वावधान में अजीतगढ पीजी कॉलेज अजीतगढ में सोसायटी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर अनिल कुमार के मुख्य आतिथ्य में विशिष्ट शिक्षक अलंकरण समारोह आयोजित होगा। सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा ने बताया कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजीतगढ के अधीनस्थ विद्यालयों में कार्यरत विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त शिक्षकों को गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्मानित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता उप संरक्षक सदस्य विजय यादव करेंगे तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा, पंचायत समिति अजीतगढ के प्रधान एडवोकेट शंकर लाल यादव, विकास अधिकारी सीआर मीणा, तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा, पुलिस उप अधीक्षक उमेश गुप्ता, आबकारी निरीक्षक विकास कुमार बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

गणेशपुरा में श्री सेवानंद गौशाला का समारोहपूर्वक भूमि पूजन

निवाई, (निसं)। गांव गणेशपुरा में स्थित गौचर भूमि में स्वामी बालकानंद महाराज के सानिध्य में भामाशाह व मुख्य अतिथि राजाराम गुर्जर द्वारा श्री सेवानंद गौशाला का भूमि पूजन समारोह पूर्वक किया गया। भूमि पूजन के दौरान गौशाला परिसर में 1 हजार 100 पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाराम गुर्जर ने कहा कि हम सभी को हर घर में एक गौमाता को जरुर पालना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पेड-पौधे जीवन का आधार है इनके बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने घर-आंगन एवं आसपास में पौधारोपण कर पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण करके उसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है ताकि पौधा आने वाली भावी पीढी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे सके। कार्यक्रम में राजाराम गुर्जर ने सेवानंद गौशाला में गायों के लिए चारा को सुरक्षित रखने के लिए एक हॉल का निर्माण करवाने की घोषणा की। कार्यक्रम का मंच संचालन श्योजीराम पोसवाल ने किया। इस

गणेशपुरा में श्री सेवानंद गौशाला के भूमि पूजन समारोह में अतिथियों ने सम्बोधित किया।

■ भामाशाह राजाराम गुर्जर ने एक बड़ा हॉल निर्माण की घोषणा की

दौरान चाकसू नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र लावडा, भीमाराम गुर्जर, श्रवण सिंह, सरपंच रामजीलाल यादव, शिवदयाल गुर्जर हरभांवता, जगदीश पोसवाल, लादूराम गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, भागुता गुर्जर, मोहन बगडवाल, नारायण गुर्जर, राधेश्याम गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, गिर्राज गुर्जर, राजू चेची, लक्ष्मण गुर्जर, बाबू बगडवाल, धर्मसिंह गुर्जर, राजेश गुर्जर, रामसिंह गुर्जर, मनोज गुर्जर, ताराचंद, बाबू पोसवाल, रामफूल हलवाई, उपसरपंच दयाराम गुर्जर, शौकिन व शिवराज गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

पंच महादेव की ध्वज पदयात्रा निकाली, शिवमय हुआ दौसा

दौसा, (निसं)। पंच महादेव ध्वज पदयात्रा समिति के तत्वावधान में रविवार को शहर में पंच महादेव ध्वजा पदयात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुये। उधर पदयात्रा के दौरान भगवान भोले का जयघोष करते हुये चल रहे थे, जिसके चलते पूरा शहर शिवमय हो गया तथा भोले के जयघोष से गुंज उठा।

■ भूत प्रेत और गणों के बीच शिवजी की जीवंत झांकी प्रदर्शित हुई

ध्वज पदयात्रा प्रातः सोमनाथ महादेव मंदिर से विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। जिसमें गाजेबाजे के साथ श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। सैकडों भक्त केसरिया झंडा लेकर पदयात्रा में शामिल हुए। साथ ही कलाकारों ने भूत प्रेत और गणों के बीच शिवजी की जीवंत झांकी प्रदर्शित की गई। जिसमें कलाकारों ने शिव तांडव की मनमोहक प्रस्तुति दी। रथों पर विभिन्न अवतारों की जीवंत झांकियां और साधु संत भी शामिल हुए। पदयात्रा आगरा रोड, पीजी कॉलेज, गांधी तिराहा नया कत्ल मनगंज सुंदर दास मार्ग, पंचायत समिति रोड होते हुए रामकरण जोशी स्कूल, लालसोट रोड, सहजनाथ महादेव, गुप्तेश्वर रोड, गुप्तेश्वर मंदिर, शिक्षक कॉलोनी, बरकत तिराहा, पुराना शहर, घास मंडी, हलवाई बाजार, गांधी चौक होते हुए किला सागर बैजनाथ महादेव तक पहुंची। इस बीच लोगों ने जगह-जगह पद यात्रियों का स्वागत किया। फल वितरण व जलपान कराया गया।

पंच महादेव ध्वजा पदयात्रा निकाली जिसमें हजारों भक्त शामिल हुये।

महासंघ की बैठक सम्पन्न, चुनाव पर हुई चर्चा

दौसा, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ शाखा दौसा की बैठक रविवार को नेहरु गार्डन में जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम राजस्व विभाग के कार्मिकों की असामयिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। इसके बाद अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा दौसा के चुनाव प्रक्रिया के संबंध में विचार विमर्श हुआ। जिसमें सर्वसहमती से निर्णय लिया गया कि संयुक्त महासंघ के प्रत्येक संगठन के जिला अध्यक्ष अपने-अपने संगठन से तीन नाम भिजवाए एवं प्रत्येक घटक संगठन एक हजार रुपये की राशि जिला शाखा दौसा को भिजवाएं, जिससे संगठन के विधिवत चुनाव प्रक्रिया संपन्न की जा सके। संयुक्त महासंघ के जिला मंत्री मुकेश चंद मीणा ऐचेडी ने बताया

■ संयुक्त महासंघ दौसा के चुनाव 15 सितंबर को करवाया जाना निर्धारित

कि सभी घटक संगठन को अपने-अपने संगठन से तीन नाम संयुक्त महासंघ जिला शाखा दौसा के चुनाव के लिए मतदाता सूची हेतु भेजने है। संयुक्त महासंघ जिला शाखा दौसा के चुनाव 15 सितंबर को करवाया जाना निर्धारित है। इस दौरान इस दौरान फैली राम मीणा प्रांतीय उपाध्यक्ष, रामधन मीणा प्रांतीय संगठन मंत्री, कजोडमल मीणा जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ शेखावत, सीताराम मीणा पूर्व जिला अध्यक्ष पटवार संघ, मोहनलाल सैनी पूर्व जिला अध्यक्ष ठाम विकास अधिकारी संघ, रामरूप गुर्जर जिला अध्यक्ष राजस्थान वन विभाग, मुथरेश प्रसाद मीणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पटवार संघ आदि उपस्थित रहे।

भाजपा की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाये, समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़े : महेन्द्रपाल

कोटपूतली, (निसं)। प्रदेश भर में जारी भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व सदस्यता अभियान निरन्तर गति पकड रहा है। इसी क्रम में सदस्यता अभियान के कोटपूतली विधानसभा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को राजमार्ग के सर्विस लेन स्थित डाक बंगला परिसर में अभियान के जिला संयोजक व जमवारामगढ विधायक महेन्द्रपाल मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि मीणा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा एकात्म मानववाद के साथ शुरू होकर अन्त्योदय का लक्ष्य रखने वाली भाजपा प्रत्येक जाति, वर्ग, धर्म, समुह व सम्प्रदाय के कल्याण के लिये कार्य करती है। इसीलिये भाजपा की रीति-नीति एवं केन्द्र व राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को गाँव-ढाणी में जन-जन तक पहुंचाकर समाज की पंक्ति में अन्तिम पायदान पर खडे प्रत्येक व्यक्ति को भाजपा से जोडने का कार्य करें। अध्यक्षता करते हुये विधायक पटेल ने कहा कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में किसान, पिछडा, दलित, पीडित, शोषित, वंचित समेत प्रत्येक वर्ग का भाजपा के प्रति विश्वास जागा है। निश्चित ही कोटपूतली विधानसभा में तय लक्ष्य की प्राप्ति होगी एवं भाजपा के बड़े हुये कुनबे का लाभ आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायती राज चुनाव में पार्टी को मिलेगा। सदस्यता अभियान के

जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणा, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने सभा को सम्बोधित किया।

■ भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

विधानसभा संयोजक जयराम सिंह गुर्जर ने प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाया। इस दौरान भाजपा नेता मुकेश गोयल व यादराम जांगल, सह संयोजक राजेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ टोरडा, कपिल शर्मा, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, कैलाश स्वामी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, रविन्द्र सिंह शेखावत, मंगल यादव, सोनू, नीरज, कमल पटेल, हव. कमलेश छाव्डी, शीशराम गुर्जर, रघुवीर गोयल, विकास डोई, नगर मंडल संयोजक अरूण सैनी, राकेश कसाना, सीताराम बंसल, दिलीप यादव समेत बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

सार-समाचार

शिविर में 810 लोगों ने लाभ उठाया

पावटा, (निसं)। घीसाराम बोहरा वेलफेयर सोसायटी द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर आयोजक जीएल यादव ने बताया कि शिविर में 810 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवा कर आँखों की जांच करवाई। जीएल यादव ने बताया कि शिविर में प्रशिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र यादव बहरोड ने ग्राम पंचायत भवन बडनगर में अपनी सेवाए दी। शिविर लेंस प्रत्यारोपण के लिए 110 मरीजों को चिह्नित कर ऑपरेशन की तारीख दी गई। शिविर में सरपंच रामकरण यादव, पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव, सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला, सरपंच अमित गजराज घनश्याम टाँक, सूगाराम यादव, उपसरपंच रोहिताश मीना, दीपसिंह शेखावत, रामवतार सिंह, भागीरथ बुनकर, डॉ. कैलाश आर्य, रमेश धानका, विनोद पारीक, महेंद्र पारीक, जीतू सिंह, लीलाराम, सौरभ सिंह, सुंदर वर्मा, पूर्व सरपंच राजपाल सिंह, रमेश यादव विराटनगर, विक्रम सेन, लवली सेन ने बताया कि घीसाराम बोहरा वेलफेयर सोसायटी इस प्रकार के गाँव गाँव में कैंप आयोजित कर मानव सेवा में अनूठी पहचान बनाई है। इस अवसर पर मामराज शर्मा, सविता कुमावत, कैलाश गजराज, मातादीन बाज्या, अंकित धनकड आदि उपस्थित रहे।

गोल्ड मैडल विजेता कंचन का सम्मान

कोटपूतली, (निसं)। राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुई 8वीं योगा लीग में सैनी सामूहिक विवाह समिति के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिलावर सिंह की पुत्र वधू कंचन सैनी ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मैडल जीता। कोटपूतली से सैनी समाज ने खैरथल पहुंचकर कंचन को चांदी का मुकुट पहनाकर व महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व चौयरमेन शंकर लाल सैनी, प्रकाश चंद सैनी, सुशीला देवी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, मूलचंद सैनी, मिश्रो देवी, दिलावर सिंह, भोजराज, किशन सिंह तंवर, दशरथ, पायल सैनी, खैरथल से जिला महासभा संरक्षक शेरसिंह सैनी, करण सिंह चौधरी, बुद्धराम सैनी, विजय सैनी, मनीष सैनी, लुभावन जोशी समेत अन्य मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर 7 सितंबर को, बैठक सम्पन्न

दौसा, (निसं)। कांग्रेस के विभिन्न अग्रीम संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिवस 7 सितंबर को रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। आयोजन समिति के संयोजक पूर्व प्रधान डीसी बैरवा ने बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं विधायक सचिन पायलट के जन्मदिवस 7 सितंबर को प्रातः8 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रधान पैलेस जीरोता में रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है तथा रक्तदान के लिए युवाओं को विशेष रुप में प्रोत्साहित किया जावेगा। इस आयोजन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को भी आमंत्रित किया जावेगा। बैठक में लवाण प्रधान बीना बैरवा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विजेन्द्र गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष रोहित मीणा, कैलाश गोठवाल, विजेन्द्र सिंह डोई, महेश कसाना, कृष्ण भण्डाना, पंस सदस्य मदन गुर्जर, रणवीर खटाना, हेमराज़ बैरवा, अंकित सत्तावन, राजकुमार बैरवा, मोईन ख़ान, बाबूलाल टाटा, राकेश देव, मनीष, अजीत बैसला, रोहिताश्व बंसीवाल, कृष्ण जीरोता और रामफूल समेत कई लोग उपस्थित रहे।

भगवान श्रीराम का सजाया दरबार

कोटपूतली, (निसं)। गौ सेवार्थ संगीतमय सुंदरकांड समिति द्वारा एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम में शनिवार शाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम का भव्य दरबार सजाया गया। मंदिर महंत श्रवण द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करवाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करवाया गया। इस मौके पर स्थानीय कलाकार जितेन्द्र जोशी द्वारा गणेश वंदना मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे....महाराज गजानंद आ जाओ व महारो बेडो पार लगा दिजे सालासर हनुमान आदि भजन प्रस्तुत किये।

क्षत्रिय कुमावत समाज की 17 प्रतिभाओं का सम्मान

महंत लक्ष्मणदास महाराज के सानिध्य में सम्मान समारोह हुआ।

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे के एक गार्डन में रविवार को 17 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह में दादू दयाल मंदिर के महंत लक्ष्मणदास महाराज के सानिध्य में क्षत्रिय कुमावत समाज का तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 17 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता छीतर कुमावत ने की और विशिष्ट अतिथि अमरचंद कुमावत थे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कक्षा 8,10,12 और बीए में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले 15 विद्यार्थियों व सरकारी सेवाओं में चयनित 2 छात्रों को प्रतीक चिन्ह व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दादू दयाल धाम के लक्ष्मणदास महाराज ने कहा की समाज के विकास के लिए बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढने और अपने गांव व परिवार का नाम रोशन करन को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छीतरमल कुमावत ने समाज की

■ 'समाज के विकास के लिए बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना जरूरी है'

गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए समाज को आगे बढाने के मूलमंत्र दिए। उन्होंने समाज के तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान ओम प्रकाश मारवाल, गोपाल माचीवाल, चौथमल माचीवाल, अनिल, सुरेश कुमावत, अर्जुन गणपति, नाथू, राजेंद्र, मालीराम, सुभाष, जयसिंह, उमेश और समस्त कुमावत समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान कक्षा 8 के मोहित, कोमल, आर्यन, कक्षा 10 के चारु कुमावत, डिंपल, दीपक, पूजा, शांतनु कक्षा 12 के अमित, सोनम, अनुष्का, ग्रेजुएशन के तनु कुमावत, ईशु कुमावत, आर्यन कुमावत नीट में चयनित आदित्य कुमावत, सरकारी सेवा में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।